कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन एवं वन्य जीव प्रभाग,बरेली।
पत्रांक 4428 /14–1,बरेली,दिनांक, 03 जून, 2024

सेवा में,

सीनियर डिवीजनल रिटेल सेल्स हेड,
इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लि0,
35–ए कमला नेहरू मार्ग,
सिविल लाईन्स, बरेली।

विषयः– इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लि0 द्वारा जनपद बरेली में बरेली–शाहजहाँपुर मार्ग एन0एच0–30 (पुराना एन0एच0–24) के कि0मी0 279 चैनेज 278.543 के दांयी पटरी पर गाटा सं0 805, ग्राम बाकरगंज तहसील फरीदपुर जिला बरेली (उ0प्र0) में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प/रिटेल आउटलेट से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.1870 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 46 वृक्षों के पातन की अनुमति सम्बन्धी प्रस्ताव।
(Online Proposal No. FP/UP/Approach/145304/2021)

संदर्भः– पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्र सं0: 8बी/यू0पी0/06/01/2024/एफ0सी0/44 दिनांक 21.05.2024

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ उत्तर प्रदेश का पत्र दिनांक 21.05.2024 द्वारा विषयक प्रस्ताव के सापेक्ष कतिपय शर्तो के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी की गयी है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रतिपूरक वृक्षारोपण, एनपीवी की धनराशि का निम्नवत भुगतान किया जाना है।

| क्रम सं0 | मद का नाम | जमा की जाने वाली अपेक्षित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | शर्त सं0 2 & 3 के कम क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित बरेली वन एवं वन्यजीव प्रभाग में फरीदपुर रेंज के अन्तर्गत खल्लपुर वन खण्ड में 0.467 है0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो के रखरखाव हेतु आंकलित धनराशि | 675225.00 |
| 2 | शर्त सं0 4 के कम में एनपीवी की धनराशि ( भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र सं0 **File no. -5-3/2011 – FC(Vol-1)** दिनांक 06.01.2022 के नवीनतम आदेशानुसार) | 179105.00 |
| | योगः– | 854330.00 |

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि वांछित धनराशि के मांग पत्र को संलग्नक सहित ऑनलाईन प्राप्त उत्तर प्रदेश कैम्पा के खाते में जमा करनें का कष्ट करें तथा जमा की गयी धनराशि का यूटीआर नं0 की मूल प्रति हस्ताक्षर कर तथा पूर्ण विवरण यथाशीघ्र इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

03/06/2024
(दीक्षा भण्डारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रांक /14–1,दिनांकित।
प्रतिलिपि वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

(दीक्षा भण्डारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।